वन उत्पादकता संस्थान, रांची

## महुआ फूल संग्रहण एवं महुआ के विभिन्न प्रकार के उपयोग पर प्रशिक्षण

### ग्राम : बनई, जिला: गुमला

### 6 अप्रैल 2021

वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन क्षेत्र, झारखंड द्वारा “ *महुआ फल संग्रहण एवं महुआ के विभिन्न प्रकार के उपयोग*” पर प्रशिक्षण देने हेतु वन उत्पादकता संस्थान , रांची से प्रशिक्षक आमंत्रित किया गया था । निदेशक एवं अनुसंधान समूह समन्वयक के निर्देशानुसार संस्थान से श्रीमति रूबी सुसाना कुजुर , वैज्ञानिक-सी ने बनई ग्राम , गुमला के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया । चूंकि महुआ फूल का संग्रहण आमतौर पर महिलायें करती हैं , इसलिये प्रशिक्षण कार्यक्रम में बनई गांव की महिला प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । प्रशिक्षण के दौरान श्रीमति कुजुर ने महुआ फूल एवं फल के संग्रहण की बेहतर तकनीकों (नेटिंग) के विषय में बताया । उन्होंने धूल- मिट्टी रहित अच्छी गुणवत्ता वाले महुआ संग्रहण पर ज़ोर दिया ताकि संग्रहणकर्ताओं को उचित बाज़ार मूल्य मिल सके । साथ ही महुआ फूल से बनने वाले विभिन्न भोज्य उत्पादों , जैसे बिस्किट , केक, अचार, लड्डू, जैम इत्यादि के विषय में जानकारी दी । अंततः महुआ पेड़ के फल, फूल एवं वृक्ष छाल के फायदे एवं अन्य उपयोगों के विषय में भी उन्होंने जानकारी साझा की ।










REDMI NOTE 9 PRO MAX
NAWAL KISHOR
2021/4/6 12:01